आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

**1845 बुधवार** **19.08.2026**

मुख्य समाचारः—

1— रायपुर में आयोजित 'स्रोत महोत्सव' और राज्य स्तरीय कार्यशाला का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ।

2— सर्वोच्च न्यायालय ने तीन न्यायाधीशों को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के जज के तौर पर नियुक्त किए जाने के प्रस्ताव को दी मंजूरी।

3— दो सितंबर को उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन का छत्तीसगढ़ दौरा प्रस्तावित —एम्स रायपुर के दीक्षांत समारोह में होंगे शामिल।

4— प्रदेश में संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए कल व्यापक मॉकड्रिल कराई जाएगी।

मुख्यमंत्री—स्रोत महोत्सव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर में आयोजित 'स्रोत महोत्सव' और राज्य स्तरीय कार्यशाला का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने नदियों के उद्गम स्थलों और कैचमेंट एरिया के संरक्षण को प्राथमिकता दी है।

होल्ड बाईट—मुख्यमंत्री
(30 सेकेण्ड)

मुख्यमंत्री ने जिला स्तरीय समितियों के सदस्यों से कहा कि नदियों के किनारे बसे गांवों में स्थानीय समितियां गठित कर पंचायतों के सहयोग से नदी संरक्षण और पुनरुद्धार के कार्य कराए जाएं।

सुप्रीम कोर्ट—जज नियुक्ति

सर्वोच्च न्यायालय ने न्यायाधीश संतोष शर्मा, सुषमा सावंत और सुधीर कुमार को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के जज के तौर पर नियुक्त किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। कॉलेजियम की अट्ठारह अगस्त को हुई बैठक में इन तीन नये जजों की नियुक्ति की सिफारिश को मंजूरी दी गई।

संतोष शर्मा ने वर्ष दो हजार नौ को न्यायिक सेवा में प्रवेश किया। अपने कार्यकाल में वे दंतेवाड़ा और बलौदाबाजार में जिला और सत्र न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट और विजिलेंस में रजिस्ट्रार, फैमिली कोर्ट के जज और रायपुर में जिला और सत्र न्यायाधीश जैसे पद पर कार्य कर चुके हैं।

वहीं, सुषमा सावंत, वर्तमान में छत्तीसगढ़ शासन के विधि और विधायी कार्य विभाग में प्रधान सचिव के पद पर कार्यरत हैं।

सुधीर कुमार वर्तमान में रायपुर फैमिली कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश हैं। उन्होंने वर्ष दो हजार नौ में न्यायिक सेवा में प्रवेश किया था। वे दंतेवाड़ा, धमतरी और बिलासपुर में जिला और सत्र न्यायाधीश के रूप में कार्य कर चुके हैं।

दिव्यांगजन—विशेष मेडिकल बोर्ड

दिव्यांगता प्रमाण—पत्र के आधार पर शासकीय सेवा में कार्यरत् एक सौ छियासी लोगों से संबंधित प्रकरणों की जांच की जाएगी। इसके लिए विशेष मेडिकल बोर्ड का गठन किया जाएगा। साथ ही संबंधित व्यक्तियों को मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित होना होगा। यह निर्णय कल

मंत्रालय में समाज कल्याण विभाग और स्वास्थ्य विभाग की बैठक में लिया गया। बैठक में विभागीय मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े और श्याम बिहारी जायसवाल ने दिव्यांगजनों, उभयलिंगी समुदाय और अन्य अंतर्विभागीय विषयों से संबंधित कल्याणकारी योजनाओं तथा स्वास्थ्य सेवाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की।

अतिथि व्याख्याता–नियुक्ति आदेश

उच्च शिक्षा संचालनालय ने प्रदेश के सभी शासकीय कॉलेजों में रिक्त पदों पर अतिथि व्याख्याताओं की नियुक्ति का आदेश जारी किया है। उच्च शिक्षा संचालनालय के आयुक्त ने प्रदेश के सरकारी विश्वविद्यालयों के कुल सचिव, राजकीय विश्वविद्यालय और सभी शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य को पत्र जारी कर चालू शैक्षणिक सत्र में प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, ग्रंथपाल, क्रीड़ा अधिकारी के रिक्त पदों पर अतिथि व्याख्याताओं की व्यवस्था के संबंध में जरुरी दिशा–निर्देश दिए हैं।

अरूण साव–प्रेसवार्ता

लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली को अधिक सरल, पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाने के लिए जल्द ही वर्क एंड अकाउंट्स मॉनिटरिंग इंटीग्रेशन सिस्टम–वमिस' लागू किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री और लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने आज नवा रायपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि इस प्रणाली से डीपीआर तैयार करने से लेकर कार्य की स्वीकृति और अन्य प्रक्रियाएं ऑनलाइन और एकीकृत प्रणाली से संचालित होंगी।

मुख्य सचिव–राष्ट्रपति प्रवास

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन के दो सितंबर को प्रस्तावित छत्तीसगढ़ प्रवास को लेकर मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में बैठक हुई। बैठक में उपराष्ट्रपति के प्रवास के दौरान सुरक्षा, प्रोटोकॉल, यातायात, चिकित्सा सहित अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि
उपराष्ट्रपति दो सितंबर को रायपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे।

शिशु संरक्षण माह

बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और उत्तरजीविता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेशभर में कल से शिशु संरक्षण माह की शुरूआत की गई है। चौबीस सितंबर तक वाले इस अभियान के दौरान बच्चों को विटामिन–ए की खुराक दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से निर्धारित तिथियों पर बच्चों को निकटतम सत्र में लाने की अपील की है।

मॉकड्रिल

प्रदेश में संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए कल बीस अगस्त को व्यापक मॉकड्रिल कराई जाएगी। इस दौरान बाढ़ की स्थिति में बचाव और राहत कार्यों के संचालन, प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय सहित आपदा प्रबंधन की तैयारियों का व्यावहारिक अभ्यास किया जाएगा।

इसी कड़ी में कल मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी जिले के शिवनाथ नदी में भी मॉक एक्सरसाइज आयोजित की जाएगी।

रक्षाबंधन–अवकाश

राज्य सरकार ने रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर अट्ठाईस अगस्त को राज्य में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार इस दिन सभी शासकीय कार्यालयों और संस्थाओं के साथ कोषालय और बैंकों में अवकाश रहेगा।

''राखी स्पेशल गिफ्ट बॉक्स''

रक्षाबंधन के अवसर पर छत्तीसगढ़ डाक परिमंडल ने ''राखी स्पेशल गिफ्ट बॉक्स'' लॉन्च किया है। ''अनमोल तोहफा, अनमोल रिश्ते के लिए'' संदेश के साथ तैयार किया गया यह विशेष गिफ्ट बॉक्स पांच सौ बीस रुपये कीमत पर नजदीकी डाकघरों में बिक्री के लिए उपलब्ध करा दिया गया है। छत्तीसगढ़ परिमंडल के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल प्रणव कुमार ने बताया कि इस बॉक्स में दो आकर्षक राखियों के साथ पारंपरिक अक्षत–कुमकुम, बैज, फ्रिज मैग्नेट, पिक्चर पोस्टकार्ड और की–रिंग जैसी वस्तुएं दी गई हैं।

इधर, बस्तर की ग्रामीण महिलाओं ने रक्षाबंधन के अवसर पर प्राकृतिक सामग्रियों से तैयार पर्यावरण–अनुकूल राखियों की प्रदर्शनी लगाई। जगदलपुर कलेक्टोरेट परिसर में लगी इस प्रदर्शनी में धान, चावल, बीज, बांस, प्राकृतिक धागों और कौड़ियों से बनाई गई राखियां आकर्षण का केंद्र रहीं।

रेडियो श्रोता सम्मेलन

छत्तीसगढ़ श्रोता मंच की ओर से भिलाई में आज से दो दिवसीय अखिल भारतीय रेडियो श्रोता सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन के पहले दिन आज भिलाई के सेक्टर–छह स्थित डॉक्टर बाबा साहेब अंबेडकर सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं, कल भिलाई के सिविक सेंटर स्थिति महात्मा गांधी कला मंदिर में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस सम्मेलन में देशभर से पांच सौ से ज्यादा रेडियो श्रोता शामिल हो रहे हैं। आयोजन स्थल पर रेडियो सेट, छत्तीसगढ़ी गहने, कलेवा, सिनेमा, साहित्य, पेंटिंग और बस्तर आर्ट की प्रदर्शनी लगाई गई है।

वहीं, ओल्ड लिसर्नस ग्रुप ऑफ छत्तीसगढ़ जोन द्वारा कल बीस अगस्त को रेडियो श्रोता दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर रायपुर में रेडियो श्रोताओं के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। ओल्ड लिसर्नस ग्रुप ऑफ छत्तीसगढ़ जोन के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल देवांगन ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओल्ड लिसनर्स ग्रुप ऑफ छत्तीसगढ जोन के संस्थापक महेन्द्र मोदी होंगे।

कृषि विवि–काउंसिलिंग

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित प्रदेश के शासकीय और निजी महाविद्यालयों में चालू शैक्षणिक सत्र के बी.एस.सी. कृषि ऑनर्स स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए संचालित ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया के तहत चयनित अभ्यर्थियों को पीएटी परीक्षा की प्रावीण्य सूची के आधार पर प्रोविजनल सीट और महाविद्यालय का आबंटन कर दिया गया है। कल बीस अगस्त से बाईस अगस्त तक कृषि महाविद्यालय रायपुर में सुबह आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक दस्तावेजों का परीक्षण किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को उन्हें आबंटित प्रोविजनल सीट सुरक्षित करने के लिए बीस से तेईस अगस्त तक ऑनलाइन फीस जमा करना होगा।

### मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना

रायपुर जिले के युवाओं को मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज सोसायटी, जोरा में होने वाले इस प्रशिक्षण के लिए अट्ठारह से पैंतालीस वर्ष आयु के युवक–युवतियां आवेदन कर सकते हैं। असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन, योगा इंस्ट्रक्टर, होम हेल्थ एड, रिटेल सेल्स एग्जीक्यूटिव और सोलर पीवी इंस्टॉलर जैसे पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता आठवीं और दसवीं उत्तीर्ण निर्धारित है। प्रशिक्षण में कम्प्यूटर और संवाद कौशल के साथ व्यक्तित्व विकास भी शामिल है।

### गांजा बरामद

सुकमा जिले के कोंटा थाना क्षेत्र में पुलिस ने दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से तीन सौ आठ किलोग्राम से अधिक गांजा जब्त किया है। जब्त गांजे की कीमत एक करोड़ चौवन लाख रुपए से अधिक बताई गई है। गांजा नमक की बोरियों के नीचे छिपाकर लाया जा रहा था। गिरफ्तार दोनों आरोपी राजस्थान निवासी बताए जा रहे हैं।

### संक्षिप्त समाचार

– विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज रायपुर प्रेस क्लब द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फोटो जर्नलिस्ट फेस्ट 'दृश्य संवाद' का शुभारंभ किया।

– छत्तीसगढ़ गृह निर्माण और अधोसंरचना विकास मंडल ने अपने हितग्राहियों को दाण्डिक ब्याज में पचास प्रतिशत छूट देने की घोषणा की है। यह छूट मंडल की सभी योजनाओं में निर्मित और निर्माणाधीन आबंटित संपत्तियों पर लागू होगी।

– अगले साल हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों की सहायता के लिए राज्य हज निरीक्षक की नियुक्ति की जाएगी। इसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी ने आवेदकों से सत्ताईस अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं।

– जिला रोजगार और स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा इक्कीस अगस्त को
गौरेला के शासकीय आईटीआई परिसर गौरेला में सुबह दस बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

– पुणे में सोलह से इक्कीस अगस्त तक आयोजित पांचवीं राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी एडम अमीन रिची ने कैडेट वर्ग के इकसठ किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीता है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>